Title: Need to send a Central team to Haryana to assess the damage caused due to drought and release adequate funds to the State Government for providing relief to the affected people - Laid.

श्री अजय सिंह चौटाला (भिवानी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री एवं कृषि मंत्री का ध्यान हरियाणा की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र भिवानी पड़ता है । यह समस्त इलाका जिसमें हरियाणा राज्य के हिसार, महेन्द्रगढ़, गुडगांव आदि जिलों का इलाका भी आता है । इस बार समय पर वर्षा न होने की वजह से गंभीर सूखे की चपेट में है । चूंकि इस अधिकतर इलाके में वर्षा पर आधारित खेती-बाड़ी की जाती है, इसलिए समय पर वर्षा न होने से किसानों को अनाज एवं मवेशी चारे की भारी कमी की परेशानी उठानी पड़ रही है । इसके साथ-साथ केन्द्रीय पूल से पर्याप्त बिजली न मिलने और डीजल के दाम बढ़ने से और भी दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं, क्योंकि इन दोनों के अभाव से ट्यूबवैल को कार्यान्वित नहीं किया जा सकता ।

अतएव, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से अनुरोध करता हूं कि हरियाणा में सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए एक दल जल्दी से जल्दी भेजा जाना चाहिए तथा इस दल की रिपोर्ट आने से पहले तुरंत सहायता के रूप में राज्य सरकार को पर्याप्त धन मुहैया कराया जाना चाहिए ताकि किसानों को बिना किसी देरी के राहत प्रदान की जा सके । रिपोर्ट प्रस्तुत करने के पश्चात सूखे से हुए नुकसान के अनुरूप किसानों को मुआवजा दिया जा सकता है । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस मामले पर शीघ्रातिशीघ्र गौर किया जाये ।